आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 25.02.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राजभवन में "श्री केदारनाथ क्षेत्र में आपदा प्रबंधन पर एक और प्रयास" कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।
- केंद्रीय आवासीय और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छता सर्वे को लेकर देहरादून नगर निगम ने बेहतर प्रदर्शन के लिए कार्य योजना तैयार की।
- मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 27 फरवरी को उत्तरकाशी का दौरा टला।
- हरिद्वार में शारदीय कांवड़ यात्रा अपने अंतिम चरण में, बड़ी संख्या में कांवड़िये गंगाजल लेने पहुंच रहे हैं।

कॉफी टेबल बुक

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन में "श्री केदारनाथ क्षेत्र में आपदा प्रबंधन पर एक और प्रयास" कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इसके अलावा राज्यपाल ने उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डैशबोर्ड का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि डैश बोर्ड का निर्माण प्रदेश को आपदा प्रबंधन में आगे बढ़ाएगा। उन्होंने आपदा प्रबंधन में सभी विभागों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

स्वच्छता सर्वे

केंद्रीय आवासीय और शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वे का काम शुरू कर दिया है। इसके तहत लोगों से निकायों में सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया जा रहा है। देहरादून की नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि स्वच्छता सर्वे में बेहतर प्रदर्शन के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। इसके तहत दून की रिस्पना नदीं की सफाई व्यवस्था और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ ही रिसाईकिलिंग का कार्य किया जा रहा है जिससे स्वच्छ दून, सुंदर दून के साथ ही सर्वे में प्रदर्शन बेहतर हो सके।

नगर आयुक्त ने लोगों से अपील की है कि सभी शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर अपना फीडबैक जरूर दें। साथ ही उन्होने स्वच्छता बनाए रखने की भी लोगों से अपील की है।

## किसान सम्मान निधि ऊधमसिंह नगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। इसके तहत प्रदेश के 8 लाख 21 हजार किसानों को 181 करोड़ रुपए की धनराशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई। वहीं, ऊधमसिंह नगर जिले में 75 हजार 674 किसानों को इसका लाभ मिला। जबकि लगभग तीन हजार किसानों को के.वाई.सी न होने के चलते किस्त जारी नहीं हो पाई। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अभय सक्सेना ने बताया कि विभाग द्वारा जन–जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से ऐसे किसानों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उन्हें भी योजना का लाभ मिल सके।

वहीं, पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त मिलने पर किसानों के चेहरे खिल उठे। किसान वीरेन्द्र सिंह कोरंगा की मानें तो ये रकम उनके लिए काफी मददगार साबित होती है।

## मौसम

प्रदेश में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में राज्य में बारिश और बर्फबारी की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार 27 और 28 फरवरी से प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

## प्रधानमंत्री दौरा टला

मौसम विभाग के खराब मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 27 फरवरी को उत्तरकाशी का दौरा टल गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि मौसम विभाग के बफबारी और बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रधानमंत्री का दौरा टल गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन की नई तिथि जल्द ही बताई जाएगी।

गौरतलब है कि शीतकालीन यात्रा का संदेश देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा और हर्षिल आने का कार्यक्रम था, जिसकी राज्य सरकार ने पूरी तैयारी कर ली थी। कल ही मुख्यमंत्री ने मुखवा–हर्षिल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया था।

## शारदीय कांवड़ यात्रा

हरिद्वार में शारदीय कावड़ यात्रा अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और महाशिवरात्रि से पहले गंगाजल लेने के लिए श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। हर की पैड़ी और नमामि गंगे घाट पर कावड़ियों का मेला लगा हुआ है, जहां दूर–दूर से आए शिव भक्त कंधे पर कांवड़ रखकर बम बम बोले के जयकारों के साथ गंगाजल लेने पहुंच रहे हैं।

पुलिस और प्रशासन ने कावड़ यात्रा के दौरान कावड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। नीलधारा के पास कावड़ियों के लिए पेयजल, शौचालय और लाइट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र को अलग–अलग सेक्टर और जोन में बांटा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि कावड़ यात्रा के अंतिम तीन दिन ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है, और शहर में भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा।

भारतीय मानक ब्यूरो मंथन

भारतीय मानक ब्यूरो ने हरिद्वार में मानक मंथन श्रृंखला के अंतर्गत मानव मंथन कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न इंडस्ट्री से जुड़े मानक ब्यूरो के अधिकारियों और उपभोक्ताओं सहित विशेषज्ञ लैब के लोगों ने हिस्सा लिया। भारतीय मानक ब्यूरो उत्तराखंड के निदेशक सौरभ तिवारी ने बताया कि प्रत्येक महीने मानव मंथन श्रृंखला के अंतर्गत विभिन्न जिलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनका उद्देश्य उद्योग से जुड़े लोगों और उपभोक्ताओं को मानकों के प्रति जागरूक करना है।

सिडकुल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेंद्र गर्ग का कहना है कि सभी का प्रयास है कि पुराने मानकों पर विचार किया जाए ताकि इसके निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता युक्त उत्पाद बनाए जाएं ३.और उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सके।